# कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – डी0 आई0 सी0/2023/ 992, दिनांक – 16 जुलाई, 2023

**प्रेस विज्ञप्ति/सूचना**

**पी–एच0 डी0 प्रवेश परीक्षा – 2023 (Research Degree Entrance Test-2023)**

कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 की पी–एच0 डी0 प्रवेश परीक्षा (Research Degree Entrance Test-2023) की परीक्षा के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट kunainital.ac.in के माध्यम से दिनांक 22 जून, 2023 से 15 जुलाई, 2023 के मध्य आमन्त्रित किये गये थे।

वर्तमान में मौसम के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों एवं भविष्य में मौसम की अनिश्चितता, तथा व्यापक छात्रहित के दृष्टिगत **दिनांक 23 जुलाई, 2023 (रविवार)** को आयोजित की जाने वाली पी–एच0 डी0 प्रवेश परीक्षा – 2023 (Research Degree Entrance Test-2023) को अग्रिम आदेशों तक अस्थायी रूप से स्थगित किया जाता है। परीक्षा की नयी तिथि पृथक से शीघ्र घोषित की जायेगी।

यह भी सूच्य है कि पी–एच0 डी0 प्रवेश परीक्षा – 2023 की परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा किये जाने तक ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा हेतु आवेदन पत्र तथा परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि को भी विस्तारित किया जाता है।

पी–एच0 डी0 प्रवेश परीक्षा हेतु अर्हता एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें विश्वविद्यालय की वैबसाईट में अपलोड की गयी विवरणिका (Information Bulletin) से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 – डी0 आई0 सी0/2023/992, तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक – 17 जुलाई, 2023 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

**प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

- प्रभारी, ई0 आर0 पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के दृष्टिगत पोर्टल सम्बन्धी समस्त आवश्यक कार्यवाही यथासमय सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव